प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

23.06.2025/प्रादेशिक समाचार/18:00बजे

सीएम

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर भाखड़ा–ब्यास प्रबंधन बोर्ड की सभी परियोजनाओं से हिमाचल को 12 प्रतिशत मुफ्त बिजली देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत सभी जल विद्युत परियोजनाएं मुफ्त बिजली उपलब्ध करवा रही है जबकि बीबीएमबी परियोजनाएं राज्य को कोई मुफ्त बिजली नहीं दे रही है। मुख्यमंत्री ने पत्र में लिखा है कि हिमाचल को उसका जायज़ हक नहीं मिलने से बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर को लिखे एक अन्य पत्र में एसजेवीएनएल को नाथपा झाकड़ी पावर प्रोजैक्ट से स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के लिए एक प्रतिशत अतिरिक्त मुफ्त बिजली प्रदान करने का आग्रह किया है।

पीएम–श्यामा प्रसाद

एक राष्ट्र–एक विधान–एक निशान के संकल्प को साकार करने वाले महान राष्ट्र भक्त डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कई कार्यक्रम कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिदान पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सोशन मीडिया पोस्ट में कहा है कि डॉक्टर मुखर्जी ने देश की अखंडता को अक्षुण रखने के लिए अतुलनीय साहस और प्रयास का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को हमेशा श्रद्धा के साथ याद किया जाएगा।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री सिकंदर कुमार ने कहा है कि केन्द्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। उन्होंने कहा कि 11 वर्षों के कार्यकाल में मोदी सरकार ने अपनी नीतियों व निर्णयों से देश को विकास की नई बुलंदियों पर पहुंचाया है। डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी पुण्यतिथि पर शिमला ग्रामीण विधानसभा के घणाहट्टी क्षेत्र के पड़ेच व धामी बूथों पर आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बात

कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थे वो आज चौथे पायदान पर है और जल्द ही भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। सिकंदर कुमार ने मोदी सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों को घर–घर तक पहुंचाने का कार्यकर्ताओं से आह्वान किया ताकि आम आदमी को इनका लाभ मिल सके।

जयंती

प्रदेश के 6 बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की आज जयंती है। इस उपलक्ष्य पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन शिमला में उनकी याद में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि मंत्री चंद्र कुमार और लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह सहित अन्य कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन भी रखा। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के पुत्र व लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि उनके द्वारा हिमाचल के विकास के लिए दिए गए योगदान को आज याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवाद और जातिवाद को दरकिनार कर सम्पूर्ण हिमाचल के विकास के लिए उनके बताए रास्ते पर चलने की ज़रूरत है। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि शिमला के रिज मैदान पर 15 जुलाई को स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा और इस दौरान पार्टी के शीर्ष नेता भी शामिल रहेंगे।

विक्रमादित्य–

उधर सोलन में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वर्गीय वीरभद्र सिंह एक महान विभूति थे और हर जगह जाकर लोगों की समस्याओं को स्वयं सुनकर उनका समाधान करते थे।

संघ

देश के प्रमुख सेब उत्पादक राज्यों के बागवानों ने एप्पल फार्मर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया और हिमाचल सेब उत्पादक संघ के संयुक्त तत्वावधान में आज शिमला में आमसभा का आयोजन किया। इसमें जम्मू–कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के किसानों–बागवानों की मांगों और केन्द्र सरकार द्वारा सेब पर आयात शुल्क कम करने के खिलाफ निर्णायक आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। जम्मू–कश्मीर के कुलगाम से विधायक और एप्पल फार्मर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय संयोजक मोहम्मद यूसुफ

तारिगामी ने कहा कि सेब उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों के लाखों किसानों की आजीविका का मुख्य स्रोत है।